**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A. BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (22.09.2024)**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:22.09.2024, PAGE-04**

## बीआरएबीयू. 12 वर्षों के बाद हो रहा है सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों का चुनाव

# कर्मियों के हाथों में चुनाव की पूरी कमान

- 14 जिलों में बने हैं मतदान केंद्र, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में 12 वर्षों के बाद हो रहे सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों के चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. शनिवार को विवि के प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों को चुनाव को लेकर प्रशिक्षण दिया गया.

अलग-अलग श्रेणी में 15 शिक्षक प्रतिनिधियों के पद के लिए हो रहे चुनाव में 14 जिलों में कुल 19 मतदान केंद्र बनाये गये हैं.

विवि की ओर से पूरे चुनाव की कमान कर्मचारियों के हाथों में सौंपी गयी है. यह चुनाव शिक्षक प्रतिनिधियों का है. ऐसे में शिक्षक को मतदान कराने की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया है. प्रजाइडिंग ऑफिसर, प्रजाइडिंग-1 व प्रजाइडिंग-2 का जिम्मा कर्मचारियों को ही सौंपा गया है. विवि की कुलसचिव सह चुनाव की रिटर्निंग ऑफिसर डॉ अपराजिता कृष्णा के अनुसार इस चुनाव में कुल 150 से अधिक कर्मचारियों को लगाया गया है. चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी या पक्षपात नहीं हो, इसके दिशा-निर्देश दिये गये हैं. विवि मुख्यालय समेत आठ जिलों में सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 बजे व दूर के छह जिलों में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा.

इस संबंध में रविवार सुबह करीब आठ बजे विवि के प्रशासनिक भवन से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जायेगा. मतदान की प्रक्रिया पूरी कराने के बाद सभी टीमें बैलेट बॉक्स लेकर विवि मुख्यालय पहुंचेंगी.

**स्थानीय प्रशासन से मांगा सहयोग :** कुलसचिव ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव हो सके, इसको लेकर सभी जिलों में स्थानीय प्रशासन से सहयोग मांगा गया है. संबंधित जिलों में प्रशासन को पहले ही इसकी सूचना दी जा चुकी है. मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, मोतिहारी, बेतिया, छपरा, दरभंगा और पटना में सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक मतदान होना है.

वहीं दूर के जिलों गया, सीवान, नालंदा, कटिहार, सहरसा व भागलपुर में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक वोटिंग होगी. 25 सितंबर को मतगणना के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा की जायेगी.



विवि में सीनेट चुनाव को लेकर प्रशिक्षण देते पदाधिकारी और मौजूद कर्मचारी.

### 2000 वोटर तय करेंगे 15 प्रतिनिधियों की जीत-हार

सीनेट चुनाव में तीन कैटेगरी में शिक्षक प्रतिनिधियों के चयन को लेकर मतदान होगा. करीब दो हजार शिक्षक मतदाता 15 प्रतिनिधियों की जीत व हार तय करेंगे. ग्रुप ए में पीजी विभाग के लिए दो पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है. वहीं एक पद के लिए दो प्रतिनिधि चुनावी मैदान में हैं. पीजी विभागों में 96 शिक्षक मतदाता हैं. अंगीभूत कॉलेजों के नौ प्रतिनिधियों के बीच मुकाबला है. इसमें 558 वोटर्स हैं. वहीं संबद्ध व तकनीकी कॉलेजों के लिए तीन प्रतिनिधियों के लिए कुल 1301 मतदाता वोट डालेंगे. वोटिंग की प्रक्रिया बैलेट बॉक्स से होगी.

---

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 22.09.2024, PAGE-04**

# विश्वविद्यालय और कॉलेजों में 23 और 24 को अवकाश

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 23 सितंबर को होने वाले सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों के चुनाव को लेकर 23 और 24 सितंबर को अवकाश रहेगा. विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा ने कुलपति के आदेश से इसकी अधिसूचना जारी की है. कहा है कि चुनाव के कारण सभी शिक्षक इसमें मतदान करेंगे.

वहीं कर्मचारियों को चुनाव संपन्न कराने में लगाया गया है. ऐसे में 23 सितंबर को कर्तव्य अवकाश और 24 को अधिसभा निर्वाचन को लेकर अवकाश रहेगा. ऐसे में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, पीजी विभागों और अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में कक्षाओं का संचालन नहीं होगा.

### शिक्षकों को मतदान केंद्र पर लाना होगा पहचान पत्र और आधार कार्ड

सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों के चुनाव को लेकर सभी शिक्षकों को मतदान के लिए विवि या कॉलेज से जारी पहचान पत्र व आधार कार्ड लेकर केंद्र पर आना होगा. इसको लेकर रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से नोटिस दी है. सभी कॉलेजों के प्राचार्य और पीजी विभागाध्यक्षों को कहा गया है कि वे संबंधित शिक्षकों को इसकी जानकारी दे दें.

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 22.09.2024, PAGE-08**

# विवि के शिक्षकों को मिलेगी ट्रेनिंग

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू द्वारा यूजीसी के निर्देशों के आलोक में प्राध्यापकों और शोधार्थियों के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा पर 6 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह ट्रेनिंग कार्यक्रम 15 अक्टूबर से शुरू होगा। कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय ने बताया कि ट्रेनिंग का उद्देश्य प्राध्यापकों और शोधार्थियों को भारतीय संस्कृति और ज्ञान के विविध पहलुओं से अवगत कराना है। ट्रेनिंग कार्यक्रम शैक्षणिक जगत में नवीनता लाने में सहायक होगा।

# अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह

मुजफ्फरपुर। पीजी इतिहास विभाग में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन हुआ। 200 से अधिक अभिभावक मौजूद रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. रेणु कुमारी ने अभिभावकों से कहा कि वह पुत्र-पुत्रियों की पढ़ाई पर ध्यान देते रहें। संचालन प्रो. पंकज राय व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अर्चना पांडेय ने किया।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 22.09.2024, PAGE : 08**

# सीनेट चुनाव कल, कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



सीनेट चुनाव को लेकर मतदानकर्मियों को संबोधित करती रजिस्ट्रार।

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में 12 वर्ष बाद हो रहे सीनेट चुनाव को लेकर शनिवार को मतदानकर्मियों को सीनेट हॉल में ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग कार्यक्रम की अगुवाई रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण और प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय ने की।

मतदान कर्मियों को प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. रेवती रमण और प्रो. उपेंद्र मिश्रा ने ट्रेनिंग दी। मतदानकर्मियों को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव को सफलतापूर्वक कराना है। चुनावकर्मी रविवार को बैलेट बॉक्स लेकर रवाना हो जाएंगे। सभी मतदानकर्मियों को आईकार्ड दिया जाएगा। ट्रेनिंग में बताया गया कि मतदानकर्मी तभी बैलेट बॉक्स लेंगे, जब स्प्रिंग ठीक से काम कर रहा हो। मतदानकर्मियों को सुबह आठ बजे विवि में बैलेट बॉक्स लेने के लिए बुलाया गया है। ट्रेनिंग में बताया गया कि संबद्ध कॉलेज और अंगीभूत कॉलेजों का बैलेट बॉक्स अलग रंग का होगा। चुनाव को लेकर 23 व 24 सितंबर को विवि में अवकाश रहेगा।

## सीनेट चुनाव में तीन श्रेणी में हैं उम्मीदवार

पीजी, अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों के लिए अलग अलग उम्मीदवार हैं। पीजी में दो उम्मीदवार निर्विरोध जीत गये हैं। पीजी में दो उम्मीदवारों में लड़ाई है। अंगीभूत कॉलेजों में 22 और संबद्ध कॉलेज श्रेणी में 12 उम्मीदवार हैं। सीनेट चुनाव के लिए 19 बूथ बनाये गये हैं। यह चुनाव 14 जिलों में होगा। पीजी विभाग में 96 वोटर, अंगीभूत कॉलेज में 558 वोटर और संबद्ध कॉलेज में 1413 वोटर हैं। मुजफ्फरपुर और आसपास के जिले में चुनाव सुबह 10.30 बजे और दूरदराज के जिलों में चुनाव सुबह 9 बजे से होगा। चुनाव के लिए 50 बैलेट बॉक्स मंगाये गए हैं। मुजफ्फरपुर में पीजी बॉटनी विभाग, एलएस कॉलेज, आरडीएस कॉलेज और एमडीडीएम कॉलेज को सेंटर बनाया गया है।